आरोप

सरकारी रास्ते पर दबंग का कब्जा, इंसाफ के लिए कलेक्ट्रेट के सामने मोर्चा खोलेंगी फांफा बाई

# कोर्ट के आदेश के बाद भी नहीं हटा अतिक्रमण





**भुआ बिछिया, नवभारत.** न्याय की आस में सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटकर थक चुकी एक 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने अब प्रशासन के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। बिछिया तहसील के अहमदपुर गांव निवासी फांफा बाई साहू अपने घर के सामने हुए अवैध कब्जे को हटवाने के लिए कलेक्ट्रेट के सामने हड़ताल पर बैठने को मजबूर हैं।

फांफा बाई का आरोप है कि उनके घर और जमीन के सामने स्थित शासकीय रास्ते (खसरा नंबर 1224) पर पड़ोसी कुंजबिहारी साहू ने 10 वाई 8 वर्ग मीटर क्षेत्र में पक्की दीवार खड़ी कर अवैध कब्जा कर लिया है। अब अतिक्रमणकारी वहां लेंटल डालने की तैयारी में है। फांफा बाई के बेटे रामप्रसाद साहू पन्ना जिले में शिक्षक हैं, जिनकी अनुपस्थिति में उनकी बुजुर्ग मां अकेले ही अपनी संपत्ति और सार्वजनिक रास्ते की सुरक्षा के लिए संघर्ष कर रही हैं।

### कागजों में आदेश, जमीन पर सन्नाटा

चौंकाने वाली बात यह है कि इस अतिक्रमण को हटाने के लिए बिछिया एसडीएम न्यायालय से तीन बार आदेश और अंजनिया नायब तहसीलदार न्यायालय से चार-पांच बार बेदखली वारंट जारी किए जा चुके हैं। इसके बावजूद प्रशासनिक अमला कब्जा हटाने में नाकाम रहा है। पीड़िता का कहना है कि 7 जनवरी को अतिक्रमण हटाने की टीम मौके पर पहुंची तो थी, लेकिन बिना किसी ठोस कारण के वापस लौट गई।

### जनसुनवाई से लेकर कलेक्टर चेंबर तक लगा चुकी है गुहार

बुजुर्ग महिला ने बताया कि उन्होंने दो बार जनसुनवाई में और दो बार सीधे कलेक्टर के समक्ष आवेदन दिया, लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ हासिल नहीं हुआ। फांफा बाई ने अब लिखित चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही अवैध निर्माण नहीं ढहाया गया, तो वह कलेक्ट्रेट के सामने हड़ताल पर बैठ जाएंगी।



# विधायक ने किया संदीपनी विद्यालय का निरीक्षण

▸ पुराने भवन सुरक्षित रखते हुए खाली भूमि पर होगा नए भवन का निर्माण

**घुघरी/बिछिया।** बिछिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक नारायण सिंह पट्टा ने गुरुवार को संदीपनी विद्यालय घुघरी के खेल मैदान पहुँचकर विद्यालय के प्रस्तावित नवीन भवन निर्माण की कार्ययोजना का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी के ठेकेदार एवं विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विधायक पट्टा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि नए भवन के निर्माण के लिए विद्यालय के वर्तमान कक्षों या पुराने भवन को किसी भी स्थिति में क्षतिग्रस्त न किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान भवन में बच्चे नियमित रूप से अध्ययन कर रहे हैं और इसे तोड़े जाने से विद्यार्थियों की पढ़ाई में बाधा उत्पन्न होगी। बच्चों की शिक्षा और सुविधा सर्वोपरि है।

विधायक पट्टा ने मौके से ही विभाग के उच्च अधिकारियों से चर्चा कर वस्तुस्थिति से अवगत कराया और निर्देश दिए कि विद्यालय परिसर में उपलब्ध खाली भूमि को चिन्हित कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य उसी मूल ड्राइंग के आधार पर किया जाए, जो प्रारंभ में स्वीकृत की गई थी। इससे विद्यालय की अधोसंरचना का विस्तार होगा और पुराना भवन भी सुरक्षित रहेगा। निरीक्षण के अवसर पर तकनीकी एवं प्रशासनिक अमला मौजूद रहा, जिसमें विकासखंड शिक्षा अधिकारी एल. एस. उईके, संदीपनी विद्यालय के प्राचार्य एमके चौधरी तथा तकनीकी विशेषज्ञ एवं समाजसेवी विनय चौकसे शामिल रहे। विधायक पट्टा की इस दूरदर्शी एवं संवेदनशील पहल की विद्यालय परिवार, पालकों तथा स्थानीय नागरिकों ने सराहना की है।

# गांवों में पहुंच रही स्वास्थ्य सुविधाएं, लगा चिकित्सा शिविर



▸ टीबी स्क्रीनिंग और सिकल सेल की जांच, 53 ग्रामीणों ने उठाया स्वास्थ्य लाभ


**नारायणगंज, बिंझिया.** शासन के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक ग्राम पंचायत में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों की जाँच कर उन्हें निशुल्क परामर्श एवं औषधियां वितरित कीं। शिविर के दौरान सभी जांच की गई और उपचार किया गया। शिविर में गर्भवती महिलाओं की जांच की गई, जिसमें प्रसव पूर्व आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श दिया। सिकल सेल और एनिमिया की पहचान के लिए स्क्रीनिंग कर उपचार किया गया। निक्षय अभियान अंतर्गत क्षय रोग के उन्मूलन हेतु संदिग्ध मरीजों की स्क्रीनिंग की गई। शिविर में बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोलियां वितरित की गईं जिससे उन्हें कृमि मुक्त रखा जा सके। इसके साथ ही मौसमी बीमारियों एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जांच।

### शिविर में जनप्रतिनिधि और स्वास्थ्य अमला रहा मौजूद

इस शिविर में ग्राम के लगभग 53 पंजीकृत ग्रामीण उपस्थित हुए, जिन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर के सफल आयोजन में स्थानीय सरपंच, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और आशा कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही। शिविर में सीएचओ अलका कुशवाहा, एएनएम जागृति मरावी और रक्षा साहू, आशा कार्यकर्ता साहिन, राधा शर्मा, कमलेश ठाकुर और विनीता सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। आयोजित शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को उनके घर के समीप ही बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना और गंभीर बीमारियों की समय पर पहचान करना है।

# बोलेरो चोरी के 16 दिन बाद भी सुराग नहीं, क्षेत्र में बढ़ा चोरों का हौसला

सीसीटीवी फुटेज मिलने के बाद भी पुलिस की पकड़ से दूर आरोपी, अब लेडी सिंघम से न्याय की आस



**बीजाडांडी.** बीजाडांडी थाना अंतर्गत उदयपुर क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं। बीती रात चोरों ने दिलेरी दिखाते हुए एक साथ दो वाहनों को निशाना बनाया, जिसमें वे एक बोलेरो गाड़ी चोरी करने में कामयाब रहे। घटना के 16 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ अब तक खाली हैं, जिससे स्थानीय निवासियों और वाहन मालिकों में भारी आक्रोश है।

नव भारत फालोअप

जानकारी अनुसार विगत दिवस शनिवार की रात उदयपुर के बाजार मोहल्ला में चोरों ने धावा बोला। जुपिटर कंपनी के सामने खड़ी बोलेरो क्रमांक एमपी 20 एचए 8086 को चोरों ने बड़ी सफाई से पार कर दिया। बोलेरो ले जाने से पहले चोरों ने पास ही खड़ी टाटा विस्टा एमपी 20 सीडी 8097 का दरवाजा तोड़कर उसके डैशबोर्ड को खोल दिया और उसे डायरेक्ट कर स्टार्ट करने की कोशिश की। बताया गया कि गाड़ी काफी दिनों से खड़ी होने के कारण स्टार्ट नहीं हुई, जिसके बाद चोरों ने महज 100 फीट की दूरी पर खड़ी बोलेरो पर हाथ साफ किया।

चौकाने वाली बात यह है कि कंपनी के सामने उजाला होने और घर में लोगों के मौजूद होने के बावजूद चोरों ने इतनी खामोशी से काम किया कि किसी को कानो-कान खबर नहीं हुई।

### पुलिस की सुस्ती पर उठ रहे सवाल

गाड़ी मालिक लगातार थाने के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें केवल आश्वासन मिल रहा है। बताया जा रहा है कि पुलिस को बिछिया तक के सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराए गए हैं, जिनमें चोर नजर आ रहे हैं। बावजूद इसके पुलिस अब तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पाई है।

### पुराने मामले भी ठंडे बस्ते में

यह पहली बार नहीं है जब उदयपुर में चोरी हुई हो। इससे पहले एसबीआई बैंक के ताले टूटने की घटना और ढाबों के किनारे खड़े ट्रकों से सैकड़ों लीटर डीजल चोरी होने की शिकायतें आम हैं। फुटेज मिलने के बाद भी कार्रवाई न होना पुलिस की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगाता है। बीजाडांडी थाने में हाल ही में एक महिला पुलिस अधिकारी की पदस्थापना हुई है। क्षेत्र की जनता अब उन्हें लेडी सिंघम के रूप में देख रही है। लोगों को उम्मीद है कि उनके आने से क्षेत्र में चल रही अवैध गतिविधियों पर लगाम लगेगी। पीड़ित वाहन मालिकों ने मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेकर जल्द से जल्द चोरों को सलाखों के पीछे भेजा जाए।

# शासकीय कन्या शाला का साईकिल स्टैंड बना निजी गैरेज

▸ नियमों का उल्लंघन करने वाले शिक्षक पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग

**किरनापुर/ नव भारत ।** शासकीय नियमों को ताक पर रखकर सरकारी संपत्तियों का निजी स्वार्थ के लिए उपयोग करने के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा मामला किरनापुर स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का है, जहां स्कूल परिसर में बना साइकिल स्टैंड अब दोपहिया वाहनों के बजाय एक शिक्षक की 'निजी कार' का पार्किंग स्थल बन गया है।

**नियमों की उड़ाई जा रही धज्जियां**-प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्कूल में छात्राओं और स्टाफ के दोपहिया वाहनों (साइकिल/मोटरसाइकिल) को व्यवस्थित खड़ा करने के लिए शासन द्वारा स्टैंड का निर्माण कराया गया था। किंतु, एक रसूखदार शिक्षक ने इस स्टैंड को अपनी निजी संपत्ति समझ लिया है। वे अपनी कार को न केवल स्कूल समय के दौरान, बल्कि रात-दिन और स्कूल की छुट्टियों में भी यहीं पार्क करके रखते हैं।

**कार खड़ी होने से बाइक रखने में हो रही परेशानी**-सूत्रों के द्वारा जानकारी बताई जा रहा है कि स्टैंड में कार खड़ी होने के कारण जगह की कमी हो जाती है, जिससे उन्हें अपनी मोटर साइकिल स्टेण्ड में न खड़ी करतें हुये बहार रखा जाता है तो, बच्चो को अपनी साइकिलें जाने आने में दिक्क़ते होती है, इतना ही नहीं, शिक्षक अपनी मनमर्जी से जब चाहे कार निकालते और खड़ी करते हैं, जिससे परिसर में आवाजाही के दौरान दुर्घटना का भय भी बना रहता है। सूत्रों ने साझा किया कि शिक्षक ने स्कूल स्टैंड को अपना निजी गैरेज समझ लिया है। छुट्टियों के दौरान भी शासकीय परिसर का इस तरह उपयोग करना नियम विरुद्ध है। सूत्रों के हवाले अनुसार है कि क्या शिक्षा विभाग ने किसी शिक्षक को अपनी निजी कार खड़ी करने के लिए सरकारी खर्च पर स्टैंड बनवाया है ?

**उच्च अधिकारियों से हस्तक्षेप की मांग**-इस मामले को लेकर तत्काल प्रभाव से शासकीय स्टैंड से निजी कार हटवाई जाए। नियमों का उल्लंघन करने वाले शिक्षक पर अनुशासनात्मक कार्रवाई हो।

# खिलाड़ियों ने कबड्डी, कुश्ती और एथलेटिक्स में दिखाए जौहर

नारायणगंज में दो दिवसीय खेलो एमपी प्रतियोगिता का समापन



**नारायणगंज.** खेल और युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में दो दिवसीय विकासखंड स्तरीय खेलो एमपी प्रतियोगिता का सफल आयोजन 14 और 15 जनवरी को किया गया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से क्षेत्र की उभरती खेल प्रतिभाओं को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का मंच मिला।

नारायणगंज एकीकृत कन्या शाला मैदान में आयोजित इस चयन प्रतियोगिता में विकासखंड के विभिन्न ग्रामों से आए लगभग 220 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान विविध खेलों के लिए चयन प्रक्रिया संपन्न हुई। जिसमें कबड्डी, खो-खो, एथलेटिक्स, क्रिकेट और वॉलीबॉल। व्यक्तिगत स्पर्धाएं में कुश्ती, ताइक्वांडो, शतरंज (चेस) और तैराकी में चयन किया।

### जिला स्तर के लिए मार्ग हुआ प्रशस्त

चयन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन जिला स्तरीय खेलो एमपी प्रतियोगिता के लिए किया गया है। अब ये चयनित प्रतिभागी जिले में विकासखंड नारायणगंज का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम की सफल मॉनिटरिंग और प्रबंधन खेल विकासखंड समन्वयक करुणा मर्सकोले के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान खेल संचालन और आयोजन में प्राचार्य मुकेश नायक, रविंद्र पूसाम, झामसिंह, अजीत वरकडे, सुजीत यादव, हेमंत पटेल, आनंद सोनी, प्रफुल्ल डोंगरे, दीपक चक्रवर्ती, राजेंद्र मरावी, कमलेश भवरे, नंदिनी उइके, प्रमिला बैरागी एवं समस्त कन्या शाला स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। कुश्ती स्पर्धा को सुचारू रूप से संपन्न कराने में रतन ठाकुर, मागन सोनी, रघुनंदन विश्वकर्मा, राजुल जोशी, सुमित सोनी, दीपक चक्रवर्ती और कपूर चक्रवर्ती का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनके तकनीकी सहयोग से कुश्ती के मुकाबले निष्पक्ष और रोमांचक रहे।



# जब-जब बढ़ती है आसुरी शक्तियां, तब होता है माँ शक्ति का आगमन

बरबटी में गूंजी मां जगदम्बा की महिमा, पंडित लेखराम शास्त्री ने सुनाया देवी अवतार का प्रसंग

**बबलिया.** ग्राम बरबटी में आयोजित संगीतमय श्री देवी महापुराण ज्ञान यज्ञ के आठवें दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित किया। सुप्रसिद्ध पुराण वाचक आचार्य पंडित लेखराम शास्त्री द्वारा अपनी सुमधुर और संगीतमय शैली में देवी की महिमा का गुणगान किया जा रहा है, जिससे संपूर्ण क्षेत्र भक्तिमय हो गया है।

कथा के आठवें दिन पंडित शास्त्री ने शुंभ-निशुंभ और रक्तबीज वध के प्रसंग का सजीव वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जब असुरों के अत्याचार से त्रिलोक में त्राहि-त्राहि मच गई, तब देवताओं की करुण पुकार सुनकर माता जगदम्बा प्रकट हुईं। माँ ने इन भयंकर असुरों का वध कर देवताओं को भयमुक्त किया और उन्हें पुन: स्वर्ग का राज्य प्रदान किया।

### अटूट है मां की महिमा

व्यास पीठ से कथा वाचक ने संदेश देते हुए कहा कि जब-जब इस संसार में आसुरी शक्तियों की वृद्धि होती है और अधर्म बढ़ता है, तब-तब माँ भगवती जगदम्बा अवतार लेकर दुष्टों का संहार करती हैं। यह संपूर्ण संसार शक्ति के ही सहारे संचालित है।

### भक्तों को मिलता है वांछित फल

पंडित लेखराम शास्त्री ने कहा कि मां भगवती अपने अनन्य भक्तों की हर पुकार सुनती हैं और उन्हें वांछित



फल प्रदान करती हैं। कथा के दौरान भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। आयोजन समिति ने बताया कि क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति के लिए इस महापुराण का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन बड़ी संख्या में माताएं और ग्रामीण पहुंच रहे हैं।

# हजरत सैय्यद ईमाम जाफर का सालाना उर्स मनाया गया

**नवभारत, बालाघाट।** नगर के सर्किट हाउस स्थित शाही दरबार में हर साल की तरह इस साल भी हजरत सैय्यद ईमाम जाफर सादिक रहमतुल्लाह अलैह का सालाना उर्स अक़ीदतो के साथ मनाया गया ।जहां कुंडे वाले बाबा के आस्ताने में पहुंचे अकीदतमन्दो ने अकीदत के फूल व चादर पेश कर अमनो अमान की दुआएं मांगी ।वही 4 दिवसीय विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन कर बुधवार शाम को लंगर तकसीम कर उर्स मुबारक का समापन किया गया। उल्लेखनीय है कि शाही दरबार में आयोजित इस 76 वें सालाना उर्स पर दरबार और उर्स कमेटी द्वारा तीन दिवसीय विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए गए थे जिसके तहत 11 जनवरी रविवार को सुबह परचम कुसाई कर, दोपहर में कुरआन ख़्वाहनी ,और शाम में मिलाद शरीफ का आयोजन किया गया, उर्स मुबारक के इस मौके पर सोमवार को शाही सन्दल निकलकर, चादर पेश की गई, वही रात में शमा महफिल कव्वाली का आयोजन किया गया ।वहीं मंगलवार को शमा महफ़िल कव्वाली का आयोजन किया गया। तो वही बुधवार की शाम लंगर तकसीम कर इस उर्स मुबारक का समापन किया गया।



# आधुनिक खेती अपनाकर बढ़ेगी किसानों की आय

सहायक संचालकों ने जांची जमीनी हकीकत एवं बीजेगांव , कोंड्रामालमें पॉली हाउस का लिया जायजा

**नारायणगंज.** विकासखंड नारायणगंज के ग्राम कोंड्रामाल एवं बीजेगांव में कृषि विभाग की विभिन्न गतिविधियों का मैदानी निरीक्षण किया गया। इस दौरान विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन और कृषकों को मिल रहे लाभों का मूल्यांकन करने हेतु उच्च अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची।

निरीक्षण दल में सहायक संचालक कृषि श्रीमती नेहा डहरवाल एवं सहायक संचालक कृषि श्रीमती माया हिरकने शामिल रहीं। उनके साथ क्षेत्र के संबंधित कृषि विस्तार अधिकारी श्री हरिओम झरिया भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कोंड्रामाल में कृषकों की फसलों की वर्तमान स्थिति को देखा और क्षेत्र में चल रहे कृषि कार्यों का बारीकी से अवलोकन किया।

### बीजेगांव में पॉलीहाउस तकनीक का किया सूक्ष्म निरीक्षण

निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने ग्राम बीजेगांव स्थित पॉलीहाउस का भ्रमण किया। यहां उन्होंने विस्तार से जानकारी देते हुए पॉलीहाउस की वर्तमान संरचनात्मक स्थिति, सिंचाई व्यवस्था एवं तकनीकी प्रबंधन, उत्पादित की जा रही फसलों की गुणवत्ता के विषय में बताए।

सहायक संचालक कृषि ने उन्नत तकनीक के माध्यम से सब्जी एवं अन्य नकदी फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने संबंधित कृषक को बेहतर उत्पादन के लिए आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन भी प्रदान किया।

### किसानों से किया सीधा संवाद, दिया मार्गदर्शन

सहायक संचालकों की टीम द्वारा भ्रमण के दौरान कृषकों से प्रत्यक्ष संवाद कर उन्हें आधुनिक कृषि पद्धतियों के प्रति प्रोत्साहित किया। तथा आधुनिक तकनीक अपना कर वे कैसे अपने आय में वृद्धि कर सकते हैं इसके बारे में विस्तार से उपस्थित कृषकों को जानकारी से अवगत कराया। इस दौरान किसानों को बताए मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के लिए सही मात्रा में खाद का प्रयोग के विषय में भी विस्तार से बताया गया। फसलों को बीमारियों से बचाने के प्रभावी उपाय बताए, बदलती जलवायु में पॉलीहाउस और नेटहाउस के लाभ बताए।